प्रेस नोट
दिनांक 10.02.2025

श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद बरेली महोदय की नई पहल, वर्चुअल गूगल मीट के माध्यम से जनपद के समस्त थानों के 3012 सम्भ्रांत व्यक्तियों की पीस कमेटी को सम्बोधित किया गया ।

आगामी त्यौहारों पर कानून व शांति व्यवस्था के दृष्टिगत श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद बरेली महोदय द्वारा **नई पहल की शुरूआत** करते हुए थानों पर **सम्भ्रान्त व्यक्तियों की पीस कमेटी** को केन्द्रीय रूप से **गूगल मीट वर्चुअल के माध्यम** से जनपद मुख्यालय से सम्बोधित किया गया, इसमें सभी थानों पर गूगल मीट (वीडियो/आडियों) के माध्यम से **जुड़े 3000 से अधिक सम्भ्रान्त व्यक्तियों** से आगामी त्यौहारों के सम्बन्ध में फीडबैक लिया गया। आगामी त्यौहारों 12 फरवरी को माघ पूर्णिमा, रविदास जंयती, 13 फरवरी को शब-ए-बारात, 26 फरवरी को महाशिवरात्रि व मार्च महीने में होली पर्व के दृष्टिगत निम्नलिखित निर्देश दिये गये है-

1. त्यौहारों पर समस्त आयोजन परम्परागत रूप से आयोजित किये जायें ।

2. समस्त थाना प्रभारी अपने थाना क्षेत्रों में पब्लिक से संवाद करते हुए त्यौहारों से सम्बन्धित वाद-विवादों का निस्तारण करेगें ।

3. सभी सम्भ्रान्त व्यक्तियों से आपसी सौहार्द से त्यौहार मनाये जाने की अपील की गयी।

4. जुलूसों के सम्बन्ध में सूचना समय दें, ताकि उचित पुलिस व्यवस्था की जा सकें तथा ससम्त थाना प्रभारी जूलूस मार्गों/रूटों का भौतिक निरीक्षण कर समस्याओं का निस्तारण करेगें ।

5. शिवरात्रि पर्व पर मन्दिरों पर जलाभिषेक के समय उचित पुलिस प्रबन्ध की व्यवस्था हो, अराजक/शरारती तत्वों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही की जायें ।

6. होली पर्व पर विवादित स्थलों पर थाना प्रभारी, सम्बन्धित एसडीएम के मौके पर जाकर समस्याओं का निस्तारण करेगें।

7. असामाजिक व अराजकता फैलाने वाले तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी।

8. सोशल मीडिया पर सतर्क दृष्टि रखी जा रही है, जो भी व्यक्ति सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट, भ्रामक व अफवाह पोस्ट करेगा उसके विरुद्ध कठोरतम विधिक कार्यवाही की जाएगी।

9. त्याहौरों के सम्बन्ध में वाद-विवाद, अराजक/शरारती तत्वों आदि के सम्बन्ध में जानकारी देने हेतु **गोपनीय हेल्पलाइन नम्बर 9917020009 व खाकी साथी इन्फो लाइन नम्बर 0581-2990450 पर** सूचना देने हेतु बताया गया ।

10. कस्बा आंवला क्षेत्र के चैयरमेन, कस्बा बहेड़ी के चैयरमैन/पूर्व चैयरमैन, अलीगंज, मीरगंज, भमौरा, प्रेमनगर के सम्भ्रान्त व्यक्तियों के द्वारा अपने-अपने विचार व्यक्त/प्रकट किये गये, जिनके सम्बन्ध में सम्बन्धित थाना प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये ।

11. पुलिस अधीक्षक दक्षिणी, जनपद बरेली द्वारा थाना अलीगंज से, पुलिस अधीक्षक उत्तरी, जनपद बरेली द्वारा थाना हाफिजगंज से तथा समस्त क्षेत्राधिकारियों द्वारा अपने मुख्यालय के थानों से गूगल मीट में प्रतिभाग किया गया ।

- गूगल मीट में जनपद के समस्त थानों से पीस कमेटी में **प्रतिभाग करने वाले सम्भ्रान्त व्यक्तियों** का विवरणः-

क्र.सं.	**नाम थाना**	**प्रतिभाग करने वाले सम्भ्रान्त व्यक्तियों की संख्या**
1.	कोतवाली	88
2.	प्रेमनगर	127
3.	कैन्ट	92
4.	किला	135
5.	सुभाषनगर	100
6.	सीबीगंज	86
7.	बारादरी	150
8.	इज्जतनगर	100
9.	मीरगंज	92
10.	सिरौली	100
11.	शाही	100
12.	आंवला	150
13.	विशारतगंज	90
14.	भमौरा	170
15.	अलीगंज	100
16.	फरीदपुर	152
17.	फतेहगंज पूर्वी	100
18.	भुता	101
19.	बिथरी चैनपुर	84
20.	फतेहगंज पश्चिमी	120
21.	भोजीपुरा	110
22.	बहेड़ी	153
23.	शीशगढ़	107
24.	देवरनियां	104
25.	शेरगढ़	95
26.	नबाबगंज	84
27.	हाफिजगंज	57
28.	क्योलड़िया	65
कुल योग		**3012**